नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''
महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जंगल धूसड़, गोरखपुर
स्थापित २००५ ई.
7897475917, 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com

पत्रांक................................ दिनांक : 14-11-2019

## प्रकाशनार्थ

महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर के मिशन मंझरिया के अन्तर्गत बी.एड्. विभाग के सहयोग से **पौधरोपड़ कार्यक्रम** का आयोजन किया गया। पौधरोपड़ कार्यक्रम में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के प्राणि विज्ञान के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रतिष्ठित वैज्ञानिक **प्रो. दिनेश कुमार सिंह** द्वारा गृहस्वामियों को मौलश्री के 101 पौधे दिया गया। इस अवसर पर प्रो. डी.के सिंह ने ग्रामवासियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज के युग में पौधे मानव जीवन के लिए न केवल अपरिहार्य है वरन् **पौधों की भूमिका जीवनदायनी के रूप में है।** आज मानवता के समक्ष पर्यावरण संकट सबसे बड़ी चुनौती निरन्तर बना हुआ है। अधिकाधिक पौधारोपड़ ही उसका स्थाई समाधान है ऐसे में आज का यह कार्यक्रम अत्यन्त महत्वपूर्ण है। मौलश्री का पौधा स्वास्थ्य एवं प्रकृति दोनों ही रूपों में मनुष्य के लिए अत्यन्त लाभकारी है। मौलश्री का वृक्ष का अनके औषधीय उपयोग है। दन्त रोग के निवारण में इसके दातून की उपयोगिता, लीवर सम्बन्धी रोगों में यह अत्यन्त ही प्रभावकारी वृक्ष है। सबसे महत्वपूर्ण बात पौधों और वृक्षों की सुरक्षा और उनका पालन है। उन्होंने ग्रामवासियों को पौधा वितरित करते हुए पौधों के पालन पोषण के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक घर के पास एक पौधा अवश्य लगाये और उसकी सुरक्षा भी सुनिश्चित करे मनुष्य और पौधा मिलकर पर्यावरण की चुनौतियों और संकटो से निपटने में सफल हो सकेगें।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव, बी. एड्. विभाग की डॉ. शिप्रा सिंह, सुश्री दीप्ती गुप्ता, डॉ. अनुभा श्रीवास्तव, श्रीमती विभा सिंह, श्रीमती साधना सिंह, सुश्री रचना सिंह, श्रीमती पुष्पा निषाद, शैलेन्द्र सिंह, नवनीत सिंह, जितेन्द्र प्रजापति सहित बी.एड्. विभाग के छात्राध्यापक एवं छात्राध्यापिकाएं उपस्थित रहे।

**(डॉ. राजेश शुक्ला)**
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी